# यूपीईएस में पांचवें वर्ष भी शत प्रतिशत प्लेसमेंट का दावा

जागरण संवाददाता, देहरादून : यूपीईएस यूनिवर्सिटी ने लगातार पांचवें वर्ष शत-प्रतिशत प्लेसमेंट का दावा किया है। विवि के अनुसार, इस वर्ष आइटी, ई-कामर्स, तेल और गैस, विधि विभाग, बीएसएसआइ, विनिर्माण, आटोमोबाइल, फार्मा, रिटेल, दूरसंचार जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले उद्योगों ने 660 से अधिक कैंपस प्लेसमेंट आयोजित किए गए। अलग-अलग प्लेसमेंट ड्राइव में यूपीईएस के 2696 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें 2750 आफर प्राप्त हुए। विवि परिसर में कैंपस प्लेसमेंट आयोजित करने वाली कंपनियों में ईवाई, पीडब्ल्यूसी, कैपजेमिनी, एडोबी, सिस्को, सेल्सफोर्स, एलएंडटी, आइबीएम, सैमसंग रिसर्च, वीएमवेयर, माइक्रोसाफ्ट शामिल रहे। यूपीईएस एन्हांस्ड डेवलपमेंट ग्रोथ एंड इनरीचमेंट जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को उद्योगों के लिए तैयार करने में जोर देता है। यूपीईएस विवि के कुलसचिव और प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट निदेशक मनीष मदान ने कहा कि विवि लगातार वैश्विक स्तर पर प्लेसमेंट में साल-दर साल प्रगति कर रहा है। उत्कृष्टता के प्रति विवि की प्रतिबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता है। कहा इस वर्ष आइटी सेक्टर में सबसे अधिक प्लेसमेंट हुए हैं। इसके बाद अनुसंधान और परामर्श का स्थान रहा।